प्रसार भारती
भारतीय प्रसारण निगम
आकाशवाणी केन्द्र शिमला

04.04.2024 / प्रादेशिक समाचार / 18:00 बजे

मुख्यमंत्री

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह ने आज ऊना जिला के कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के बंगाणा के समूर कलां में एक जनसभा को संबोधित करते हुए चुनाव प्रचार की विधिवत शुरूआत की। सुक्खू ने इस मौके पर कांग्रेस के 6 बागी पूर्व विधायकों पर सीधा हमला बोला। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकार पूर्ण बहुमत में है और पूरे पांच साल चलेगी। मुख्यमंत्री ने नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर को सलाह दी कि वे अपने विधायकों को बिकने से बचाए। क्योंकि वह किसी भी मंडी में बिक सकते हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के पास भले ही पैसे नहीं है लेकिन ईमानदारी, नैतिकता और जनता के हौंसले का बल है। उन्होंने दावा किया की कांग्रेस के 6 बागी विधायक और तीन निर्दलीय 15–15 करोड़ रूपए में बिके है जिसका कांग्रेस के पास सबूत हैं। उन्होंने कहा कि पुलिस जांच में इसकी परतें खुलना शुरू हो गई हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार ने 14 महीने के कार्यकाल में भ्रष्टाचार के दरवाजे बंद कर दिए। इस लिए बागियों और निर्दलीयों को तकलीफ हुई। उन्होंने कहा कि पैसे लेकर विधायकी बेचने वालों को जनता सबक सिखाएगी। इस मौके पर उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री और अन्य कांग्रेस नेता भी मौजूद रहे।

भाजपा

भाजपा के प्रदेश चुनाव प्रभारी श्रीकांत शर्मा ने कहा है कि पार्टी लोकसभा चुनाव और 6 विधानसभा उप–चुनाव के लिए पूरी तरह तैयार है और चार सौ पार के लक्ष्य को मद्देनजर रखते हुए काम कर रही है। श्रीकांत शर्मा आज सोलन में भाजपा मंडल के कार्यकर्ताओं की एक बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर पार्टी प्रत्याशी के लिए कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने भाजपा के पूर्व सांसद वीरेंद्र कश्यप के कांग्रेस से चुनाव लड़ने की अफवाहों को निराधार बताया।

त्रिलोक कपूर

प्रदेश भाजपा महामंत्री त्रिलोक कपूर ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का दस वर्ष का कार्यकाल देश में ऐतिहासिक प्रगति का समय रहा है। त्रिलोक कपूर ने आज धर्मशाला में कहा कि इस अवधि में रक्षा से लेकर स्वास्थ्य, विज्ञान और अंतरिक्ष के क्षेत्र में भारत ने अग्रणी भूमिका निभाई है। त्रिलोक कपूर ने कहा कि दस साल के इस कार्यकाल में भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। इस बार प्रधानमंत्री ने और कठिन लक्ष्य रखा है और भारत को दुनिया की तीसरी सबसे अर्थव्यवस्था बनाने का संकल्प लिया है। त्रिलोक कपूर ने कहा कि दुनिया इस बात को मानती है यदि मोदी है तो सब मुमकिन है।

शिंकुला दर्रा

सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण नीमू–पदुम–दारचा सड़क को आज से यातायात के बहाल कर दिया गया है। ये सड़क चार फरवरी से भारी बर्फबारी के कारण यातायात के लिए बंद हो गई थी। सीमा सड़क संगठन ने माईनस तापमान में कड़ी मेहनत के बाद आज 16 हजार 8 सौ 50 फुट ऊंचे शिंकुला दर्रे से बर्फ हटा कर इसे वाहनों की आवाजाही के लिए खोल दिया। इसी के साथ मनाली का जांस्कर बैली से सीधा संपर्क जुड़ गया है। बीआरओ की योजक परियोजना के मुख्य अभियंता आरके साहा ने आज शिंकुला दर्रे पर विधिवत पूजा अर्चना के बाद वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस सड़क के खुल जाने से लेह तक जाने के लिए चार से पांच घंटे की बचत होगी और दूरी भी 40 किलोमीटर कम होगी। इस बीच मनाली से बारालाचा होकर लेह के लिए जाने के लिए मुख्य सड़क से बर्फ हटाने का कार्य जारी है। ये कार्य बीआरओ की 70 आसीसी द्वारा किया जा रहा है।

डीसी कांगड़ा

कांगड़ा के उपायुक्त हेमराज बैरवा ने कहा है कि आपदा प्रबंधन को लेकर सभी नागरिकों का जागरूक होना जरूरी है। उन्होने कहा कि वर्तमान में भूकंप जैसी प्राकृतिक आपदाओं के साथ– साथ मानव निर्मित आपदाओं को खतरा बढ़ा है। उपायुक्त आज धर्मशाला में भूकंप

स्मृति दिवस पर आपदा प्रबंधन को लेकर आयोजित मॉक ड्रिल के मौके पर कर्मचारियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आपदा प्रबंधन पर विशेष ध्यान केंद्रीत किया जा रहा है ताकि आपदा से होने वाले नुकसान को कम किया जा सके। लोक सम्पर्क विभाग के कलाकारों ने इस मौके पर लघु नाटिका के माध्यम से लोगों को आपदा प्रबंधन के बारे में जागरूक किया।

सड़क मार्ग

चंबा जिला के साहो क्षेत्र की सराहन पंचायत में लचौड़ी– मैलोह पैदल सड़क मार्ग के क्षतिग्रस्त हो जाने से लोगों को आवागमन में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। जल शक्ति विभाग की नहर से हुए पानी के रिसाव के चलते करीब 6 माह पूर्व इस मार्ग पर डंगा धंस गया है। स्थानीय लोगों ने संबंधित विभाग और जिला प्रशासन से मांग की है कि इस क्षतिग्रस्त मार्ग को जल्द दुरुस्त करवाया जाए ताकि लोगों को आवागमन में सुविधा मिल सके।

इसी के साथ ये बुलेटिन समाप्त हुआ–नमस्कार।